SUPPORT MATERIAL

CLASS-X
SUBJECT – PAINTING
(Hindi Medium)

An Educational Support Initiative by:
NIOS Project, DoE, GNCTD

पांडुरंग के. पोले, भा.प्र.से
सचिव (शिक्षा)

PANDURANG K. POLE, IAS
SECRETARY (Education)

सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
पुराना सचिवालय, दिल्ली–110054
दूरभाष: 011–23890187, 23890119
Government of National Capital Territory of Delhi
Old Secretariat, Delhi-110054
Phone: 23890187, 23890119
E-mail : sccyedu@nic.in

D.O. NO. : 1579/NIOS/P

Date : 23.12.2025

(MESSAGE)

"The highest education is that which does not merely give us information but makes our life in harmony with all existence." - Rabindranath Tagore

In the pursuit of equitable and quality education, the NIOS Project team of DoE has undertaken the initiative to develop this specially designed Support Material for the learners who require additional guidance. This comprehensive resource has been thoughtfully designed to bridge learning gaps, cater to the diverse needs of our students and foster academic excellence. By providing a structured framework for learning, this material aims to empower students to take ownership of their educational journey and achieve their full potential.

A lot of hand work has gone into the preparation of this material. I would like to express my sincere appreciation to all the teachers and the Subject Experts of CAU for writing and editing this material. I encourage all students and teachers to utilize this resource effectively.

I wish all the students of this project success, happiness and fulfilment.

(Pandurang K. Pole)

VEDITHA REDDY, IAS
Director, Education & Sports

सत्यमेव जयते

Directorate of Education
Govt. of NCT of Delhi
Room No. 12, Old Secretariat
Near Vidhan Sabha,
Delhi-110054
Ph.: 011-23890172
E-mail : diredu@nic.in

1580/NIOS/P
Dated- 23.12.2025

MESSAGE

"Education is the most powerful weapon which you can use to change the world." - **Nelson Mandela**.

It gives me immense pleasure to introduce this Support Material developed by the NIOS Project Branch of DoE in collaboration with a selected team of NIOS teachers and meticulously reviewed by the subject teams of CAU, DoE for the students of Class X of NIOS Project of DoE.

This comprehensive resource is a testimony of our commitment to providing quality education and ensuring that every student has access to the resources they need to succeed.

The Directorate of Education has always strived to create an environment that fosters academic excellence, creativity, and innovation. This Support Material is a significant step towards achieving this goal, as it provides students with a structured framework for learning and assessment.

Our teachers play a pivotal role in guiding and supporting students and I urge them to use this material to provide targeted support to NIOS students.

Let us work together to create a supportive learning environment and I am confident that this support material will play a significant role in achieving this goal.

Veditha

(VEDITHA REDDY, IAS)

NIOS Project
Directorate of Education
Govt. of NCT, Delhi

Support Material

Class-X

Subject- Painting

Under the Guidance of

Shri Pandurang K. Pole

Secretary (Education)

Smt. Veditha Reddy

Director (Education)

Shri Vikas Kalia

Addl. DE (Patrachar/NIOS Project)

Coordinators

Dr. Rajvir Singh
DDE (Patrachar/NIOS Project)

Dr. Savita Yadav
OSD (NIOS Project)

LIST OF GROUP LEADER AND SUBJECT EXPERTS
<u>FOR PREPARATION & REVIEW OF SUPPORT MATERIAL</u>

Class- X
Subject- Painting

Group Leader

Sl. No.	Name & Emp. ID.	Designation	Branch/School Name & ID
1	Mr. Manoj Kumar (20005076)	Principal	GBSSS, Site-II, Hari Nagar Clock Tower-1514112

Assistant Coordinator

Sl. No.	Name & Emp. ID.	Designation	Branch Name
1	Ms. Neha Chaudhary (20161480)	TGT	NIOS Project,DoE

Content Preparation Team

Sl. No.	Name & Emp. ID.	Designation	Branch/School Name & ID
1	Mr. Raj Kumar Ghosh (20080313)	TGT Drawing	DBRA, SoSE, Raj Niwas Marg-1207261
2	Ms. Shivika (2017141404)	TGT Drawing	GGSSS, Panama Building, Jama Masjid-2127023
3	Ms. Sushmita (2017058944)	TGT Drawing	Baba Ramdev GSKV, Prasad Nagar-2128020
4	Ms. Sheeba (2017086887)	TGT Drawing	SKV, Vivek Vihar-1001022

Content Review Team

Sl. No.	Name & Emp. ID.	Designation	Branch/School Name & ID
1	Mr. Suresh Kumar (19940510)	Lect. Fine Arts	SCAV CM Shri School, Inderpuri-1720121
2	Ms. Gunjan Singhal Singh (20093184)	TGT Drawing	Govt. Co-Ed SSS, Kanganheri-1821034

अनुक्रमणिका

पाठ 1 **पृष्ठ 1–6**

3000 ईसा पूर्व से 600 ईस्वी तक कला का इतिहास और मूल्यांकन
1.1 नृत्य करती हुई लड़की
1.2 रामपुरवा बुल कैपिटल
1.3 अश्वेत राजकुमारी (ब्लैक प्रिंसेस)
प्रश्न और उत्तर

पाठ 2 **पृष्ठ 7–11**

7वीं ई. से 12वीं ई. तक कला का इतिहास और मूल्यांकन
2.1 अर्जुन की चिंतन या गंगावतरण
2.2 गोवर्धन पर्वत को उठाते हुए कृष्ण
2.3 कोणार्क की सुरसुंदरी
प्रश्न और उत्तर

पाठ 3 **पृष्ठ 12–16**

13वीं शताब्दी ई. से 18वीं शताब्दी ई. तक कला का इतिहास और मूल्यांकन।
3.1 श्रंगार
3.2 जैन लघु चित्र
3.3 रासलीला
प्रश्न और उत्तर

पाठ 4 **पृष्ठ 17–22**

भारत की लोक कला
4.1 कोलम
4.2 फुलकारी
4.3 कंथा कढ़ाई
प्रश्न और उत्तर

पाठ – 5 **पृष्ठ 23–28**

पुनर्जागरण (नवजागरण)
5.1 वीनस का जन्म
5.2 मोनालिसा
5.3 पीएटा
5.4 रात्रि प्रहरी (द नाइट वॉच)
प्रश्न और उत्तर

पाठ – 6 **पृष्ठ 29–33**

प्रभाववाद
6.1 वाटर लिलीज
6.2 मौलिन डे लॉ गैलेत
6.3 डांस क्लास (नृत्य कक्षा)
6.4 स्टील लाइफ विद ओनियन्स
6.5 स्टारी नाइट
प्रश्न और उत्तर

पाठ – 7 **पृष्ठ 34–39**
घनवाद, अतियथार्थवाद और अमूर्त कला
7.1 वायलिन के साथ आदमी
7.2 स्मृति की दृढ़ता – 1931
7.3 काली रेखाएँ
प्रश्न और उत्तर

पाठ – 8 **पृष्ठ 40–44**
समकालीन भारतीय कला के पुरोगामी
8.1 हंस दमयंती
8.2 ब्रह्मचारीज
8.3 द एट्रियम
प्रश्न और उत्तर

पाठ – 9 **पृष्ठ 45–50**
समकालीन भारतीय कला
9.1 व्हर्लपूल
9.2 मेडिवल सैंटस
9.3 वर्ड अंड सिंबल्स
9.4 लाल रंग में परिदृश्य (लैंडस्केप इन रेड)
प्रश्न और उत्तर

नमूना प्रश्न पत्र – I **पृष्ठ 51–52**
नमूना प्रश्न पत्र – II **पृष्ठ 53–55**
नमूना प्रश्न पत्र – III **पृष्ठ 56–58**

पाठ-1

3000 ई.पू. से 600 ई. तक कला का इतिहास तथा मूल्यांकन

सिंधु घाटी सभ्यता

- सिंधु घाटी सभ्यता को हड़प्पा सभ्यता भी कहा जाता है।
- यह सभ्यता लगभग 2500 ईसा पूर्व से 1750 ईसा पूर्व तक अस्तित्व में रही।
- मोहरें, आभूषण और मिट्टी की मूर्तियाँ प्रसिद्ध थीं।
- टेराकोटा और पत्थर की कलाकृतियाँ प्रमुख थीं।
- यह सभ्यता ग्रेट बाथ (विशाल स्नानागार) के लिए प्रसिद्ध है।
- मोहरों पर पशुओं और देवताओं की आकृतियाँ उकेरी गई थीं।

1.1 नृत्य करती हुई लड़की

- यह मूर्ति मोहनजोदड़ो से प्राप्त हुई थी।
- यह कांस्य की बनी हुई है।
- इसकी ऊँचाई लगभग 4.1 इंच (10.5 सेमी) है।
- वह एक हार पहने हुए है और उसका दायाँ हाथ चूड़ियों से भरा हुआ है।
- उसकी मुद्रा गुजरात और राजस्थान के आदिवासी क्षेत्रों में देखी जाने वाली पारंपरिक मुद्राओं से मिलती-जुलती है।
- उसका दायाँ हाथ कमर पर और बायाँ हाथ जांघ पर रखा हुआ है।
- उसके बालों का जूड़ा बंधा हुआ है।
- यह मूर्ति राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में रखी गई है।

मौर्य वंश

- मौर्य वंश की स्थापना चंद्रगुप्त मौर्य ने की थी।
- अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य के पोते थे।
- अशोक ने कई स्तूप, शिलालेख और स्तंभ बनवाए, जो बौद्ध धर्म के इतिहास को दर्शाते हैं।
- साँची का महान स्तूप, मूर्तियाँ और अशोक स्तंभ इस युग की प्रमुख धरोहरें हैं।

1.2 रामपुरवा बुल कैपिटल

- यह मौर्य काल की तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व की प्रसिद्ध कलाकृति है।
- यह बिहार के रामपुरवा जिले में प्राप्त हुई थी।
- यह मूर्ति चमकदार बलुआ पत्थर से बनी है।
- इसकी ऊँचाई लगभग 7 फीट है।
- बैल की मूर्ति के नीचे उल्टा कमल बना हुआ है।
- शीर्ष के आधार पर चारों ओर वृक्षों और पौधों की नक्काशी की गई है।
- वर्तमान में यह बैल शीर्ष राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में रखा गया है।

गुप्त काल

- भारतीय कला के इतिहास में गुप्त काल को स्वर्ण युग कहा जाता है।
- इस काल में मूर्तिकला, चित्रकला और मंदिर वास्तुकला में महत्वपूर्ण विकास हुआ।
- प्रमुख कला केंद्र मथुरा, सारनाथ, उज्जैन और कुछ अन्य स्थान थे।
- इस काल की धार्मिक कला में हिंदू, बौद्ध और जैन संप्रदायों का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है।
- अजंता और बाघ की गुफाओं में बनी प्रसिद्ध चित्रकलाएँ भी इसी काल में निर्मित हुई थीं।

1.3 अश्वेत राजकुमारी (ब्लैक प्रिंसेस)

- यह एक प्रसिद्ध भित्ति चित्र (फ्रेस्को) है जो अजंता की गुफा संख्या 16 में पाया गया है।
- अजंता की गुफाएँ महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के पास स्थित हैं।
- इस भित्ति चित्र में टेम्परा तकनीक का प्रयोग किया गया है।
- इसका आकार लगभग 20 फीट x 6 फीट है।
- यह चित्र गुप्त-वाकाटक काल के दौरान 5वीं से 6वीं शताब्दी ईस्वी के बीच बनाया गया था।
- यह चित्र एक गहरे लाल रंग की सुंदर युवती का है।
- यह उसकी मृत्यु का अत्यंत संवेदनशील और दुखद चित्रण है।
- इसमें रंगों का सामंजस्यपूर्ण प्रयोग किया गया है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न/उत्तर

प्रश्न: नृत्य करती लड़की की धातु मूर्ति कहाँ मिली थी?

उत्तर: मोहनजोदड़ो।

प्रश्न: नृत्य करती लड़की की ऊँचाई कितनी है?

उत्तर: लगभग 4.1 इंच (10.5 सेमी)।

प्रश्न: 'नृत्य करती लड़की खड़ी है या बैठी है?

उत्तर: खड़ी है।

प्रश्न: नृत्य करती लड़की किस हाथ में चूड़ियाँ पहने हुए है?

उत्तर: बाएँ हाथ में।

प्रश्न: नृत्य करती लड़की के बाल कैसे बंधे हैं?

उत्तर: जूड़े में।

प्रश्न: नृत्य करती लड़की की मूर्ति कहाँ रखी गई है?

उत्तर: राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली।

प्रश्न: नृत्य करती लड़की की मूर्ति किस धातु की बनी है?

उत्तर: कांस्य।

प्रश्न: नृत्य करती लड़की की मुद्रा वर्तमान में किन राज्यों की जनजातियों से मिलती-जुलती है?

उत्तर: गुजरात और राजस्थान।

प्रश्न: बुल कैपिटल कहाँ मिला था?

उत्तर: रामपुरवा (बिहार)।

प्रश्न: बुल कैपिटल का आधार कैसा है?

उत्तर: उल्टा कमल।

प्रश्न: बुल कैपिटल के अभिकोष पर क्या रखा गया है?

उत्तर: शाही बैल।

प्रश्न: बुल कैपिटल वर्तमान में कहाँ रखा गया है?

उत्तर: राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रश्न: बुल कैपिटल की विशेषता क्या है?

उत्तर: चमकदार पत्थर।

प्रश्न: अजंता की गुफाएँ कहाँ स्थित हैं?

उत्तर: महाराष्ट्र, औरंगाबाद के पास।

प्रश्न: अजंता की किस अवस्था में भगवान बुद्ध को प्रतीक रूप में दर्शाया गया था?

उत्तर: हीनयान चरण

प्रश्न: अश्वेत राजकुमारी (ब्लैक प्रिंसेस) चित्र में किस प्रकार के रंगों का प्रयोग हुआ है?

उत्तर: पृथ्वी रंग/ सहज रंग

प्रश्न: अश्वेत राजकुमारी (ब्लैक प्रिंसेस) किस चरण में बनाई गई थी?

उत्तर: महायान चरण

प्रश्न: अश्वेत राजकुमारी (ब्लैक प्रिंसेस) किस युग से संबंधित है?

उत्तर: दूसरी से छठी शताब्दी, गुप्त-वाकाटक काल।

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्र.1: सिंधु घाटी सभ्यता के कार्यों के बारे में संक्षेप में लिखिए।

उत्तर:

- सिंधु घाटी सभ्यता भारत की सबसे प्राचीन सभ्यता है।
- इस सभ्यता के मुख्य स्थल मोहनजोदड़ो और हड़प्पा हैं, जो अब पाकिस्तान में स्थित हैं।
- इस सभ्यता को हड़प्पा सभ्यता के नाम से भी जाना जाता है।
- यह सभ्यता लगभग 2500 ईसा पूर्व से 1750 ईसा पूर्व तक फली-फूली।
- इस काल में कई कलाकृतियाँ और पुरातात्विक अवशेष प्राप्त हुए हैं, जैसे मुहरें, मूर्तियाँ, खिलौने, मिट्टी के बर्तन, आभूषण, और वस्त्र निर्माण व अन्य उपयोगी वस्तुओं के उपकरण।

प्र.2: नृत्य करती हुई लड़की की मूर्ति की मुद्रा/विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

उत्तर:

- नृत्य करती हुई लड़की की मूर्ति मोहनजोदड़ो से प्राप्त हुई थी। इसकी ऊँचाई लगभग 4.1 इंच (10.5 सेमी) है।
- यह मूर्ति पतली और लंबी दिखाई देती है।
- यह मूर्ति कांस्य धातु से बनी है।
- इसे त्रिभंग (तीन मोड़ों वाली) मुद्रा में दर्शाया गया है।
- उसके बाएँ हाथ में कोहनी तक चूड़ियाँ/कंगन पहने हुए हैं।
- उसके बालों का जूड़ा बना हुआ है।
- उसका दायाँ हाथ कमर पर रखा है और बायाँ हाथ जांघ पर टिका हुआ है।
- यह मूर्ति राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में रखी गई है।

प्र० 3: गुप्त युग को भारतीय इतिहास का 'स्वर्णिम युग' क्यों कहा जाता है?

उत्तर:

- गुप्त शासकों ने कला को उन्नति के शिखर तक पहुँचाया।
- इस अवधि में मूर्तिकला, चित्रकला, वास्तुकला और संगीत कला का अद्भुत विकास हुआ।
- बड़ी संख्या में देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाई गईं जिनका स्थान अपनी सुन्दरता के लिए विश्व के इतिहास में अद्वितीय है।
- इस काल में बुद्ध, वैष्णव, शैव, जैन सम्प्रदाय की भी मूर्तियाँ बनाई गईं।
- इन विशेषताओं के आधार पर गुप्तकाल को प्राचीन भारत का 'स्वर्णिम युग' कहा जाता है।

प्र० 4: अजंता की गुफाएँ कहाँ हैं? इन गुफाओं के बारे में संक्षेप में लिखिए।

उत्तर:

- अजंता की गुफाएँ महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में हैं। यह गुफाएँ कुल मिलकर 30 हैं।
- इन गुफाओं को दो भागों में बांटा गया है – चैत्य और विहार।
- पूजा के लिए चैत्य गुफाओं का और विश्राम के लिए विहार गुफाओं का प्रयोग किया जाता है।
- अजंता की कलाकृतियाँ दो चरणों में पूरी हुईं – हीनयान चरण और महायान चरण।
- हीनयान चरण जिसमें भगवान बुद्ध को प्रतीकों के माध्यम से दर्शाया गया है और महायान चरण में भगवान बुद्ध की मानवीय रूप में दिखाया गया है।
- अजंता के चित्रकारों ने परम्परावादी 'टेम्परा पद्धति' का प्रयोग किया है।
- अजंता की दीवार पर किया हुआ भित्ति चित्र का विषय मूलरूप से धार्मिक था।

बहुविकल्पीय प्रश्न:

नीचे लिखे प्रश्नों का सही उत्तर छाँटकर लिखिए।

(i) नाचती हुई लड़की की मूर्ति हमें कहाँ से प्राप्त हुई है।

(A) हड़प्पा

(B) लोथल

(C) मोहनजोदाड़ो

(D) रोपड़

उत्तर: (c) मोहनजोदाड़ो

(ii) किस चरण में भगवान बुद्ध को प्रतीक के रूप में दर्शाया गया है।

(A) वाकाटक

(B) हीनयान

(C) महायान

(D) व्रजयान

उत्तर: (B) हीनयान

(iii) बुल कैपिटल की अति विशेषता क्या है।

(A) पॉलिश

(B) पूरवी कँगनी

(C) निः वस्त्र

(D) गर्दन

उत्तर: (A) पॉलिश

रिक्त स्थान भरें।

(i) अजंता में कुल _______ गुफाएँ हैं।

(ii) अजंता की कलाकृतियाँ _______ चरणों में पूर्ण हुई है।

(iii) अजंता की गुफाएँ _______ में स्थित हैं।

(iv) भगवान बुद्ध को _______ _______ चरण से दिखाया गया है।

(v) अजंता के चित्रकारों ने _______ तकनीक का प्रयोग किया है।

उत्तर

(i) 30 गुफाएँ

(ii) दो

(iii) महाराष्ट्र, औरंगाबाद

(iv) मानवीय, महायान

(v) टेम्परा पद्धति

पाठ-2

7वीं ई. से 12वीं ई. तक कला का इतिहास तथा मूल्यांकन

संक्षिप्त परिचय

- गुप्त काल के बाद का समय भारत में मंदिर वास्तुकला और मूर्तिकला की प्रगति के लिए जाना जाता है।
- दक्षिण भारत में पल्लव, चोल, होयसल और पूर्वी भारत में पाल, सेन और गंग वंशों ने इस कला को संरक्षण दिया।
- पल्लव और चालुक्य वंश मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध हैं, जबकि चोल और होयसाल वंश मंदिर निर्माण के लिए जाने जाते हैं।
- दक्षिण भारत में महाबलीपुरम या मामल्लपुरम में पंचरथ और मंडप संरचनाएँ देखी जा सकती हैं।
- चोल कला कांस्य मूर्तियों और धातु शिल्प में उत्कृष्टता प्राप्त करती है।

2.1 अर्जुन का चिंतन या गंगावतरण

माध्यम: पत्थर

काल: पल्लव काल

- यह मूर्ति 7वीं शताब्दी के पल्लव काल की मूर्तिकला का उदाहरण है।
- यह मूर्ति मामल्लपुरम (चेन्नई) में स्थित है।
- यह एक विशाल चट्टान पर एक ही पत्थर से बनाई गई है।
- यह उभरी हुई मूर्ति दो विशाल शिलाओं पर बनी है, जिसमें पूरी रचना में प्रवाह दिखाई देता है।
- इसमें देवता, गंधर्व, ऋषि, मनुष्य और पशुओं की जीवन आकार की मूर्तियाँ हैं, जो उड़ते हुए दिखाए गए हैं।
- चोल वंश के प्रमुख मंदिर:
    - गंगैकोंडाचोलपुरम मंदिर
    - बृहदेश्वर मंदिर
- गंग वंश के प्रमुख मंदिर (ओडिशा में):
    - मुक्तेश्वर
    - लिंगराज
    - राजारानी
- कुछ विद्वानों के अनुसार इस मूर्ति का नाम "गंगावतरण" है, जिसमें शिव को गंगा की धारा को अपने जटाओं में ग्रहण करते हुए दिखाया गया है।
- अन्य विद्वान इसे "अर्जुन का चिंतन " कहते हैं, क्योंकि एक पुरुष आकृति जिसे वे अर्जुन मानते हैं ध्यान की मुद्रा में एक छोर पर दिखाई गई है।

2.2 गोवर्धन पर्वत को उठाते हुए कृष्ण

माध्यम: पत्थर

काल: होयसल काल

- यह मूर्ति होयसाल शिल्पकला की कोमल और जटिल नक्काशी का उत्कृष्ट उदाहरण है।
- पूरी घटना को परतों में दर्शाया गया है।
- कृष्ण को केंद्रीय आकृति के रूप में दर्शाया गया है, उनके चारों ओर मनुष्य और पशु विभिन्न परतों में हैं, जिससे कथा का रोचक चित्रण होता है।
- कृष्ण को वीर मुद्रा में दिखाया गया है।
- वर्तमान में जिसे हेलिबिड कहा जाता है, वह होयसाल वंश की राजधानी मानी जाती है।
- हलेबिड का पुराना नाम "द्वार समुद्र" था।

2.3 कोणार्क की सुरसुंदरी

माध्यम: पत्थर

काल: गंग राजवंश, 12वीं शताब्दी

- कोणार्क की सुरसुंदरी 12वीं शताब्दी की मूर्ति है, जिसे गंग वंश ने बनवाया था।
- कोणार्क का सूर्य मंदिर, जो ओडिशा की महान वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है, राजा नरसिंहदेव प्रथम द्वारा बनवाया गया था।
- यह मंदिर भारत के पूर्वी तट पर पुरी के पास स्थित है।
- यह मंदिर अपने विशाल आकार और जीवन से बड़े मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध है।
- यह मूर्ति काले पत्थर से बनी है।
- यह मूर्ति सूर्य मंदिर में स्थित है।
- सुरसुंदरी को ढोल बजाते हुए दर्शाया गया है।
- स्तनों के बीच गहनों की कोमल नक्काशी इस मूर्ति की कोमलता को बढ़ाती है।
- बड़ी मुस्कान वाली आकृति के बावजूद, अंगों की लयात्मक गति और सिर का हल्का झुकाव इसे जीवंत बनाता है।

लघु उत्तरीय प्रश्न:

प्र.1: अर्जुन का चिंतन किस वंश के अंतर्गत बनाई गई थी?

उत्तर: पल्लव वंश

प्र.2: अर्जुन का चिंतन कहाँ स्थित है?

उत्तर: महाबलीपुरम या मामल्लापुरम

प्र.3: अर्जुन का चिंतन का दूसरा नाम क्या है?

उत्तर: गंगावतरण

प्र.4: गंगावतरण की मूर्ति किस माध्यम से बनी है?

उत्तर: पत्थर (दो विशाल शिलाओं पर उकेरी गई)

प्र.5: हलेबिड का प्राचीन नाम क्या था?

उत्तर: द्वार समुद्र

प्र.6: 'गोवर्धन पर्वत उठाते कृष्ण' की मूर्ति कहाँ से प्राप्त हुई?

उत्तर: बेलूर

प्र.7: होयसाल काल का एक प्रमुख मंदिर स्थल बताइए।

उत्तर: बेलूर

प्र.8: होयसाल वंश की वर्तमान राजधानी क्या है?

उत्तर: हलेबिड

प्र.9: कोणार्क का सूर्य मंदिर किसने बनवाया था?

उत्तर: नरसिंहदेव प्रथम

प्र.10: सुरसुंदरी की मूर्ति में वह क्या बजाते हुए दिखाई गई है?

उत्तर: ढोल

प्र.11: सुरसुंदरी की मूर्ति किस पत्थर से बनी है?

उत्तर: काले पत्थर से

प्र.12: कोणार्क का सूर्य मंदिर कहाँ स्थित है?

उत्तर: ओडिशा

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:

प्र.1: अर्जुन का चिंतन की मूर्ति के बारे में संक्षेप में लिखिए। यह कहाँ स्थित है?

उत्तर:

- अर्जुन का चिंतन मामल्लापुरम (चेन्नई) में स्थित है।
- यह मूर्ति 7वीं शताब्दी के पल्लव काल की है।
- इसे गंगावतरण भी कहा जाता है क्योंकि मान्यता है कि राजा भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने गंगा को धरती पर उतारा।
- कुछ विद्वानों के अनुसार इसे 'अर्जुन का चिंतन' कहा जाना चाहिए क्योंकि एक पुरुष आकृति ध्यान की मुद्रा में दिखाई गई है।

प्र.2: होयसाल काल की गोवर्धन पर्वत उठाते कृष्ण की मूर्ति के बारे में संक्षेप में लिखिए।

उत्तर:

- यह मूर्ति होयसाल काल की है।
- इसमें पूरी घटना को विभिन्न परतों में दर्शाया गया है।

- कृष्ण को मूर्ति के केंद्र में वीर मुद्रा में दिखाया गया है।
- यह मूर्ति बेलूर से प्राप्त हुई है।
- मूर्ति के चारों ओर पशुओं को भी दर्शाया गया है।

प्र.3: कोणार्क के सूर्य मंदिर के बारे में संक्षेप में लिखिए?

उत्तर:

- कोणार्क का सूर्य मंदिर गंगा वंश के राजा नरसिंहदेव प्रथम द्वारा ओडिशा के पुरी के पास बनवाया गया था।
- यह मंदिर रथ के आकार में बना है।
- यह मंदिर अपनी उत्कृष्ट वास्तुकला और मूर्तिकला के लिए विश्व प्रसिद्ध है।
- यद्यपि इसका बहुत सा भाग नष्ट हो चुका है, फिर भी शेष भाग उस युग के कलाकारों की महानता को दर्शाता है।

प्र.4: महाबलीपुरम में क्या है?

उत्तर:

- दक्षिण भारत के महाबलीपुरम या मामल्लापुरम में पंचरथ और मंडप संरचनाएँ देखने को मिलती हैं।
- अर्जुन की चिंतन या गंगावतरण भी यहाँ स्थित है।

बहुविकल्पीय प्रश्न:

प्र.1: कोणार्क का सूर्य मंदिर किसने बनवाया था?

1. गंग राजवंश, नरसिंहदेव प्रथम
2. होयसाल वंश
3. पल्लव वंश
4. चोल वंश

उत्तर: a) गंग राजवंश, नरसिंहदेव प्रथम

प्र.2: अर्जुन का चिंतन का दूसरा नाम क्या है?

1. ब्लैक प्रिंसेस
2. गंगावतरण
3. हलेबिड
4. कांचीपुरम

उत्तर: b) गंगावतरण

प्र.3: सुरसुंदरी किस वाद्य यंत्र को बजाते हुए दिखाई गई है?

1. गिटार
2. ढोल
3. तबला
4. सितार

उत्तर: b) ढोल

सत्य / असत्य:

i) गुप्त वंश को स्वर्ण युग कहा जाता है।

उत्तर: सत्य

ii) सूर्य मंदिर बंगाल में स्थित है।

उत्तर: असत्य

iii) अर्जुन का चिंतन मूर्ति का दूसरा नाम गंगावतरण है।

उत्तर: सत्य

iv) पल्लव वंश की राजधानी महाबलीपुरम थी।

उत्तर: सत्य

पाठ-3
13वीं शताब्दी ई. से 18वीं शताब्दी ई. तक
कला का इतिहास तथा मूल्यांकन

संक्षिप्त परिचय

- इस शताब्दी ई. में बड़ी संख्या में सचित्र पांडुलिपियाँ तैयार की गईं।
- ये पांडुलिपियाँ हिंदू, जैन और बौद्ध जैसे विभिन्न धार्मिक संप्रदायों से संबंधित थीं।
- बंगाल, गुजरात और बिहार इस काल की प्रमुख चित्रित पांडुलिपियों के केंद्र थे।
- ये पांडुलिपियाँ ताड़पत्र पर लिखी जाती थीं।
- इस काल में भारत के कुछ क्षेत्रों में मंदिर वास्तुकला का भी विकास हुआ।
- इस काल के प्रमुख मंदिरों में माउंट आबू का दिलवाड़ा संगमरमर मंदिर और बंगाल व ओडिशा के टेराकोटा मंदिर अत्यंत सुंदर हैं।

3.1 श्रृंगार

शैली: गुलेर घराना
काल: 18वीं शताब्दी ई.
कलाकार: अज्ञात
माध्यम: टेम्परा

- गुलेर, कांगड़ा घाटी के पास एक छोटा राज्य था और पहाड़ी चित्रकला शैली का एक प्रमुख केंद्र था।
- गुलेर चित्रों में राधा-कृष्ण की दिव्य प्रेम कथा को दर्शाया गया है।
- इस चित्र में टेम्परा तकनीक का प्रयोग हुआ है।
- इसमें एक दुल्हन को विवाह के लिए सजाया जा रहा है।
- अग्रभूमि में एक दासी चंदन घिस रही है।
- दूसरी स्त्री दुल्हन के पाँव में पायल बाँध रही है।
- दो स्त्रियाँ खड़ी हैं — एक दर्पण पकड़े हुए है और दूसरी फूलों की माला बना रही है।
- एक महिला दुल्हन के बाल संवार रही है और एक सहायिका उसकी मदद कर रही है।
- एक वृद्ध महिला पूरे आयोजन की निगरानी कर रही है।

3.2 जैन लघुचित्र

- जैन लघुचित्रों का विकास भारत भर में 7वीं शताब्दी ई. से 10वीं शताब्दी ई. तक हुआ।
- जैन धर्मग्रंथ जैसे कि कल्पसूत्र और कालकाचार्य कथा में तीर्थंकरों — नेमिनाथ, ऋषभनाथ आदि की चित्रित छवियाँ मिलती हैं।
- इसके प्रमुख केंद्र पंजाब, बंगाल, ओडिशा, गुजरात और राजस्थान थे।
- ये पांडुलिपियाँ मुख्यतः ताड़पत्र पर बनाई जाती थीं।
- चित्रों में प्रयोग होने वाले रंग स्थानीय रूप से उपलब्ध खनिजों से बनाए जाते थे।
- लाल और पीला प्रमुख रंग थे, साथ ही सोना और चाँदी का भी प्रयोग होता था।

शीर्षक – **कल्पसूत्र**
काल: **15वीं शताब्दी**
शैली: **जैन पांडुलिपि चित्रकला**
माध्यम: **ताड़पत्र पर टेम्परा**

कल्पसूत्र चित्र की विशेषताएँ:

- यह चित्र जैन धार्मिक ग्रंथ "कल्पसूत्र" से लिया गया है, जो एक अनुष्ठान संबंधी ग्रंथ है।
- चित्र की रचना को कुछ वर्गों और आयतों में विभाजित किया गया है।
- चेहरों को प्रोफ़ाइल में दर्शाया गया है, लेकिन दोनों आँखें सामने से दिखाई देती हैं।
- प्रत्येक खंड कल्पसूत्र की कथा का अलग दृश्य प्रस्तुत करता है।
- स्त्री पात्रों को अत्यधिक आभूषणों से सजाया गया है।
- पुरुष, स्त्री और पशु आकृतियाँ लाल पृष्ठभूमि पर चित्रित हैं।
- चित्रों में सोने और नीला रंग का प्रयोग हुआ है, जिससे चित्र की भव्यता और समृद्धि बढ़ती है।-

3.3 रासलीला

शीर्षक: विष्णुपुर टेराकोटा
कलाकार: अज्ञात
स्थान: पंचमुरा मंदिर, विष्णुपुर, पश्चिम बंगाल

काल: लगभग 17वीं शताब्दी ई.

माध्यम: टेराकोटा टाइल्स

- विष्णुपुर पश्चिम बंगाल का एक छोटा नगर है, जहाँ कई छोटे मंदिर टेराकोटा टाइल्स से सजाए गए हैं।
- अधिकांश मंदिर शिव या विष्णु को समर्पित हैं।
- रासलीला राधा-कृष्ण और गोपियों के दिव्य प्रेम का उत्सव है।
- यह सुंदर पैनल एक वर्गाकार स्थान में तीन वृत्ताकार परतों में बना है।
- मध्य वृत्त में राधा-कृष्ण और एक गोपी की आकृति है, अन्य दो वृत्तों में हाथों में हाथ डाले हुए गोपियों की कतारें हैं।
- चारों कोनों में मानव, पशु और पक्षियों की आकृतियाँ सजाई गई हैं।

लघु उत्तरीय प्रश्न:

1. पहाड़ी चित्रकला की उत्पत्ति के स्थान कौन-कौन से हैं?
   उत्तर: **गुलेर, कांगड़ा**
2. गुलेर चित्रकला का सबसे प्रिय विषय क्या है?
   उत्तर: **राधा-कृष्ण की कथा**
3. 'श्रृंगार' चित्र की अग्रभूमि में दो स्त्रियाँ क्या कर रही हैं?
   उत्तर: **एक पायल बाँध रही है और दूसरी चंदन घिस रही है।**
4. जैन लघुचित्र कब विकसित हुए?
   उत्तर: **7वीं से 15वीं शताब्दी ई. के बीच**
5. जैन लघुचित्रों का माध्यम क्या है?
   उत्तर: **ताड़पत्र**
6. जैन लघुचित्रों में प्रमुख रंग कौन से हैं?
   उत्तर: **लाल, पीला, सोना, चाँदी**
7. जैन लघुचित्र किस पर आधारित हैं?
   उत्तर: **जैन धर्मग्रंथों पर, जिनमें तीर्थंकरों जैसे पार्श्वनाथ, नेमिनाथ, ऋषभनाथ आदि की छवियाँ होती हैं।**
8. 'रासलीला' पैनल के चारों कोनों को कैसे सजाया गया है?
   उत्तर: **मानव, पशु और वनस्पति आकृतियों से**
9. विष्णुपुर के टेराकोटा मंदिरों में कौन-कौन सी आकृतियाँ दर्शाई गई हैं?
   उत्तर: **शिव, दुर्गा, राधा-कृष्ण और रामायण-महाभारत के पात्र**
10. विष्णुपुर कहाँ स्थित है?
    उत्तर: **पश्चिम बंगाल में**

11. विष्णुपुर के मंदिर कैसे सजाए गए हैं?

    उत्तर: **टेराकोटा टाइल्स से।**

12. विष्णुपुर टेराकोटा शैली का विकास किस काल में हुआ?

    उत्तर: **17वीं से 18वीं शताब्दी ई. में**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:

प्र.1: श्रृंगार चित्र की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

उत्तर:

- यह चित्र गुलेर घराने से संबंधित है।
- इसमें टेम्परा तकनीक का प्रयोग हुआ है।
- चित्र में एक दुल्हन को विवाह के लिए सजाया जा रहा है।
- अग्रभूमि में एक दासी चंदन घिस रही है।
- एक महिला दुल्हन के पाँव में पायल बाँध रही है।
- दो स्त्रियाँ खड़ी हैं — एक दर्पण पकड़े हुए और दूसरी माला बना रही है।
- एक महिला बाल संवार रही है और एक सहायिका उसकी मदद कर रही है।
- एक वृद्ध महिला पूरे आयोजन की निगरानी कर रही है।

प्र.2: जैन लघुचित्रों की विशेषताएँ लिखिए।

उत्तर:

- इनका आरंभ 7वीं शताब्दी में हुआ और 15वीं शताब्दी तक चला।
- पंजाब, बंगाल, ओडिशा, गुजरात और राजस्थान इसके प्रमुख केंद्र थे।
- ये चित्र ताड़पत्र पर बनाए जाते थे।
- रंग स्थानीय रूप से उपलब्ध खनिजों से बनाए जाते थे।
- लाल और पीला प्रमुख रंग थे, साथ ही सोना और चाँदी का भी प्रयोग होता था।
- चेहरे प्रोफ़ाइल में होते थे, लेकिन दोनों आँखें सामने से दिखाई जाती थीं।
- रचना वर्गों और आयतों में विभाजित होती थी।

प्र.3: टेराकोटा क्या है? किसी एक मंदिर का वर्णन कीजिए जो टेराकोटा टाइल्स से सुसज्जित है।

उत्तर:

- टेराकोटा का अर्थ है — पकाई हुई मिट्टी।
- पंचमुरा मंदिर, विष्णुपुर में हैं, जो टेराकोटा टाइल्स से सुसज्जित है।
- विष्णुपुर पश्चिम बंगाल का एक छोटा नगर है।
- वहाँ के मंदिर दीवारों पर टेराकोटा टाइल्स चिपकाकर सजाए गए हैं।
- रासलीला पैनल में राधा-कृष्ण और गोपियों के प्रेम को दर्शाया गया है।
- यह पैनल एक वर्गाकार स्थान में तीन वृत्तों में बना है।

- मध्य वृत्त में राधा-कृष्ण और एक गोपी की आकृति है।

रिक्त स्थान भरिए:

1. पश्चिम बंगाल का एक नगर जहाँ _______________ स्थित है।

   उत्तर: विष्णुपुर
2. कई छोटे मंदिर _______________ टाइल्स से सजाए गए हैं।

   उत्तर: टेराकोटा
3. अधिकांश मंदिर _______________ या _______________ को समर्पित हैं।

   उत्तर: शिव, विष्णु
4. _______________, _______________ और _______________ की आकृतियाँ रामायण और महाभारत के पात्र

उत्तर: शिव, दुर्गा और राधा-कृष्ण

5. मंदिर की वास्तुकला ___________ या ___________ मंजिलों पर आधारित है।

उत्तर: एक या दो

सत्य / असत्य:

i) 12वीं शताब्दी ई. में बड़ी संख्या में पांडुलिपियाँ तैयार की गईं।

उत्तर: **सत्य**

ii) जैन पांडुलिपियाँ ताड़पत्र पर लिखी जाती थीं।

उत्तर: **सत्य**

iii) कल्पसूत्र बौद्ध धर्म का धार्मिक ग्रंथ है।

उत्तर: **असत्य**

iv) जैन शैली पूरी तरह से क्यूबिज़्म शैली पर केंद्रित है।

उत्तर: **असत्य**

पाठ–4

भारत की लोककला

संक्षिप्त परिचय

- किसी विशेष समुदाय या क्षेत्र के लोगों द्वारा की जाने वाली कला को **लोक कला** कहा जाता है।
- लोक कला किसी समुदाय की सामूहिक रचनात्मकता, कल्पना और आस्था की अभिव्यक्ति होती है।
- यह कला परंपराओं पर आधारित होती है।
- लोक कलाकारों ने घरों, दीवारों, दरवाज़ों और आंगनों को सजाने के लिए इस कला का निर्माण किया।
- भारत में कई प्रसिद्ध लोक कलाएँ हैं जैसे — कलमकारी, मधुबनी, फुलकारी आदि।
- भारतीय लोक कला को तीन भागों में बाँटा गया है:
    1. **धार्मिक या अनुष्ठानिक लोक कला** – जैसे पट्टचित्र, पिछवाई, अल्पना, कोलम आदि।
    2. **उपयोगी लोक कला** – जैसे मिट्टी के बर्तन, लकड़ी के खिलौने आदि।
    3. **व्यक्तिगत लोक कला** – मनोरंजन और आनंद के लिए बनाई गई कला, जिससे नई लोक कलाएँ जन्म लेती हैं।

4.1 कोलम

शीर्षक: **कलश के साथ फर्श चित्रकारी**

शैली: **कोलम**

कलाकार: **अज्ञात गृहिणी**

माध्यम: **चावल का पेस्ट और रंग**

काल: **1992**

स्थान: **तंजावुर, तमिलनाडु**

- कोलम एक पारंपरिक दक्षिण भारतीय लोक कला है जो फर्श पर बनाई जाती है।
- इसे अल्पना या रंगोली भी कहा जाता है।
- पोंगल और अन्य त्योहारों पर घरों और पूजा स्थल के सामने इसे सजाया जाता है।
- कोलम को शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

प्रक्रिया:

- पहले फर्श को साफ़ कर पानी से गीला किया जाता है।
- फिर चावल के आटे का पेस्ट तैयार किया जाता है।
- अंगूठे और तर्जनी के बीच पेस्ट लेकर रेखाएँ बनाई जाती हैं।
- बिंदु बनाकर उन्हें जोड़कर आकृतियाँ बनाई जाती हैं।
- इसमें मुख्यतः वृत्त, वर्ग, त्रिभुज जैसी ज्यामितीय आकृतियाँ होती हैं।
- लाल, नारंगी, नीला, पीला, गुलाबी जैसे चमकीले रंगों का प्रयोग होता है।

4.2 फुलकारी

शीर्षक: **चादर**

कलाकार: **अज्ञात**

शैली: **फुलकारी**

माध्यम: **रंगीन धागों से कपड़े पर कढ़ाई**

काल: **समकालीन**

- फुलकारी का अर्थ है "फूलों का काम"।
- यह पंजाब की महिलाओं द्वारा की जाने वाली पारंपरिक कढ़ाई है।
- इसे छोटे-बड़े कपड़ों पर किया जाता है — जैसे वस्त्र, चादर आदि।
- इसमें पारंपरिक ज्यामितीय आकृतियाँ बनाई जाती हैं।
- ये आकृतियाँ लाल कपड़े पर सुनहरे और चाँदी जैसे सफेद धागों से कढ़ी जाती हैं।
- पूरे डिज़ाइन में सुनहरा रंग प्रमुख होता है।

4.3 कंथा कढ़ाई

शीर्षक: **बंगाल की कंथा**

कलाकार: **अज्ञात**

शैली: **कंथा कढ़ाई**

माध्यम: **रेशम पर रंगीन धागों से कढ़ाई**

काल: **समकालीन**

- यह कंथा एक साड़ी है जिसे पारंपरिक शैली में कढ़ा गया है।
- बंगाल में कंथा कढ़ाई और रजाई बनाने की समृद्ध लोक परंपरा है।
- पुरानी साड़ियों और धोती से कंथा बनाई जाती है।
- रजाई, विवाह चटाई, थैले, दर्पण और आभूषण लपेटने के कपड़े कंथा से बनाए जाते हैं।
- इसमें सफेद, हरा, बैंगनी, लाल, भूरा, पीला और काला रंग प्रयोग होता है।
- ग्रामीण महिलाएँ अनपढ़ होती थीं, इसलिए वे अपने आस-पास के जीवन से प्रेरणा लेकर कढ़ाई करती थीं।
- कंथा के डिज़ाइन में मानव और पशु आकृतियाँ होती हैं।

रिक्त स्थान भरिए:

1. किसी विशेष समुदाय या क्षेत्र के लोगों द्वारा की जाने वाली कला को __________ कहा जाता है।
   उत्तर: **लोक कला**
2. लोक कला सामान्यतः __________ पर आधारित होती है।
   उत्तर: **परंपरा**

3. भारत में प्रसिद्ध लोक कलाएँ हैं — __________, __________, __________ आदि।

   उत्तर: **कलमकारी, मधुबनी, फुलकारी**

4. भारतीय लोक कला को __________ भागों में बाँटा गया है।

   उत्तर: **तीन (धार्मिक, उपयोगी, व्यक्तिगत)**

लघु उत्तरीय प्रश्न:

1. लोक कला किसका प्रतीक है?

   उत्तर: यह किसी समुदाय की सामूहिक रचनात्मकता, कल्पना और आस्था की अभिव्यक्ति है।

2. लोक कला के कितने प्रकार होते हैं?

   उत्तर: धार्मिक, उपयोगी और व्यक्तिगत।

3. भारतीय लोक कलाओं के नाम लिखिए।

   उत्तर: कलमकारी, मधुबनी, फुलकारी, कोलम, कंथा कढ़ाई आदि।

4. कोलम किस क्षेत्र की लोक कला है?

   उत्तर: दक्षिण भारत।

5. कोलम किसका प्रतीक मानी जाती है?

   उत्तर: शुभता और समृद्धि का।

6. भारत में फर्श पर बनाई जाने वाली सजावट को क्या कहते हैं?

   उत्तर: रंगोली, अल्पना, कोलम, संझी आदि।

7. कोलम कला में कौन-कौन से सामग्री प्रयोग होती है?

   उत्तर: चावल का आटा, चमकीले रंग।

8. कोलम चित्र बनाने की विधि लिखिए।

   उत्तर:

   1. ज़मीन को गीला करना
   2. चावल के पेस्ट को अंगुलियों से छिड़ककर रेखाएँ बनाना

9. फुलकारी का अर्थ क्या है?

   उत्तर: फूलों का काम।

10. फुलकारी में कौन-कौन सी सामग्री प्रयोग होती है?

    उत्तर: कपड़ा, रेशमी धागा

11. इन कलाओं में प्रमुख रंग कौन सा है?

    उत्तर: सुनहरा

12. कंथा डिज़ाइन के स्रोत क्या हैं?

    उत्तर: ग्रामीण परिदृश्य, त्योहार, दैनिक जीवन की वस्तुएँ आदि

13. कंथा डिज़ाइन किन वस्तुओं पर बनाई जाती है?

    उत्तर: रजाई, विवाह चटाई, थैले, दर्पण और आभूषण लपेटने के कपड़े आदि

14. कंथा डिज़ाइन पर किस लोक कला का प्रभाव है?

    उत्तर: कालीघाट पटचित्र

15. कंथा साड़ी में कौन-कौन से रूपांकन होते हैं?

    उत्तर: मानव और पशु आकृतियाँ

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:

प्र.1: लोक कला क्या है? यह ग्रामीण समाज की कैसे सहायता करती है?

उत्तर:

- लोक कला किसी समुदाय की सामूहिक रचनात्मकता, कल्पना और आस्था की अभिव्यक्ति है।
- भारत में विभिन्न प्रकार की लोक कलाएँ पाई जाती हैं।
- हर गाँव की अपनी लोक कला होती है जैसे — कलमकारी, कोलम, मधुबनी, कालीघाट।
- यह कला पीढ़ी दर पीढ़ी चली आती है।
- यह ग्रामीण समाज को रोज़गार प्रदान करती है।
- उदाहरण: चित्रकला, मूर्तिकला, खिलौने, परिधान, बर्तन, फर्नीचर आदि।

प्र.2: किसी एक फर्श सज्जा की लोक कला का वर्णन कीजिए?

उत्तर:

- कोलम एक पारंपरिक दक्षिण भारतीय लोक कला है।
- यह शुभता और समृद्धि का प्रतीक मानी जाती है।
- पहले फर्श को साफ़ कर गीला किया जाता है।
- फिर चावल के पेस्ट से रेखाएँ बनाई जाती हैं।
- बिंदु बनाकर उन्हें जोड़कर आकृतियाँ बनाई जाती हैं।

प्र.3: फुलकारी लोक कला की विशेषताएँ लिखिए।

उत्तर:

- फुलकारी का अर्थ होता है "फूलों का काम।"
- यह शब्द पंजाब की महिलाओं द्वारा की जाने वाली एक विशेष कढ़ाई शैली के लिए प्रयोग होता है।
- फुलकारी में रेशमी धागों का प्रयोग किया जाता है।
- इसकी डिज़ाइन पारंपरिक ज्यामितीय आकृतियों पर आधारित होती है।
- ये आकृतियाँ लाल कपड़े पर सुनहरे पीले और चाँदी जैसे सफेद धागों से कढ़ी जाती हैं।
- पूरे डिज़ाइन में सुनहरा रंग प्रमुख होता है।

प्र.4: कंथा कढ़ाई पर टिप्पणी लिखिए।

उत्तर:

- बंगाल में कढ़ाई और रजाई बनाने की एक समृद्ध लोक परंपरा है जिसे कंथा कहा जाता है।
- कंथा पुरानी साड़ियों और धोती से बनाई जाती है।
- रजाई, विवाह चटाई, थैले, दर्पण और आभूषण लपेटने के कपड़े कंथा कढ़ाई से बनाए जाते हैं।
- कंथा में पशु और मानव आकृतियों को शैलीबद्ध रूप में दर्शाया जाता है।
- इसमें सफेद, हरा, बैंगनी, लाल, भूरा, पीला और काला रंग प्रयोग होता है।

प्र.5: कंथा साड़ी का विस्तृत वर्णन कीजिए।

उत्तर:

- यह साड़ी पारंपरिक कंथा शैली और तकनीक से कढ़ी गई है।
- इसमें पशु और मानव आकृतियों को शैलीबद्ध रूप में दर्शाया गया है।
- साड़ी का आधार रंग गुलाबी है और इसमें चेन स्टिच का प्रयोग हुआ है।
- इसमें सफेद, हरा, बैंगनी, लाल, भूरा, पीला, स्लेटी और काले रंग के धागों का प्रयोग किया गया है।
- एक राजा जैसी आकृति घोड़े पर छतरी लिए बैठे हुए दर्शाई गई है।
- डिज़ाइन में पक्षी और मधुमक्खियाँ भी शामिल हैं।
- इस पर कालीघाट पटचित्र का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

बहुविकल्पीय प्रश्न

प्र.1: कोलम किस क्षेत्र की लोक कला है?

1. महाराष्ट्र b) पश्चिम बंगाल c) दक्षिण भारत d) केरल
   उत्तर: **c) दक्षिण भारत**

प्र.2: कोलम चित्रकला कहाँ की जाती है?

1. दीवार पर b) टाइल्स पर c) फर्श पर d) संगमरमर पर
   उत्तर: **c) फर्श पर**

प्र.3: फुलकारी में किस प्रकार के धागे का प्रयोग होता है?

1. रेशम b) जूट c) ऊन d) नायलॉन
   उत्तर: **a) रेशम**

प्र.4: फुलकारी किस राज्य की लोक कला है?

1. दक्षिण भारत b) गुजरात c) पंजाब d) राजस्थान
   उत्तर: **c) पंजाब**

प्र.5: कंथा कढ़ाई में इनमें से कौन सा रंग प्रयोग नहीं होता?

1. सफेद b) हरा c) सुनहरा d) लाल

   उत्तर: **c) सुनहरा**

प्र.6: सूचीबद्ध कंथा क्या है?

1. कपड़े का प्रकार b) साड़ी का प्रकार c) कढ़ाई d) रजाई का प्रकार

   उत्तर: **c) कढ़ाई**

सत्य / असत्य

i) बंगाल में कढ़ाई और रजाई बनाने की समृद्ध लोक परंपरा है जिसे कंथा कहा जाता है।

उत्तर: **सत्य**

ii) कंथा में सफेद, हरा, बैंगनी, लाल, भूरा आदि रंगों का प्रयोग होता है।

उत्तर: **सत्य**

मिलान कीजिए

क्रमांक	**कला शैली**
1.	कोलम → पंजाब
2.	कालीघाट → बिहार
3.	फुलकारी → दक्षिण भारत(तमिलनाडु)
4.	कंथा कढ़ाई → महाराष्ट्र
5.	मधुबनी → कोलकाता
6.	वारली → बंगाल

उत्तर:

1. दक्षिण भारत (तमिलनाडु)
2. कोलकाता
3. पंजाब
4. बंगाल
5. बिहार
6. महाराष्ट्र

पाठ–5

पुनर्जागरण (नवजागरण)

संक्षिप्त परिचय

- पुनर्जागरण एक शब्द है जिसका अर्थ है 'पुनर्जन्म'।
- यह शब्द प्राचीन यूनानी और रोमन संस्कृति में रुचि के पुनरुत्थान से जुड़ा है।
- यूरोप में 14वीं से 17वीं शताब्दी के बीच एक सांस्कृतिक, कलात्मक और बौद्धिक आंदोलन था, जिसका अर्थ है "फिर से जागना" या "पुनर्जन्म"।
- इसकी शुरुआत 14वीं शताब्दी में इटली में हुई और 15वीं और 16वीं शताब्दी में यह पूरे यूरोप में फैल गया।
- इस युग को नई खोजों, नए प्रयोगों, नई सोच की शक्ति और नए नियमों का युग कहता है।
- इस काल को तीन भागों में बाँटा गया है — प्रारंभिक पुनर्जागरण, उच्च्य पुनर्जागरण और **अति पुनर्जागरण**
- इस युग की कला में मानव शरीर रचना को बेहतर रूप में दर्शाने पर ज़ोर दिया गया।
- कला की रचना और प्रकाश-छाया का नाटकीय मिश्रण इस युग की विशेषता है।
- इस युग के प्रमुख कलाकारों में मसाचियो, बोटिचेली, लियोनार्डो दा विंची, राफेल, माइकल एंजेलो, रेम्ब्रांट और रूबेंस शामिल हैं।

5.1 वीनस का जन्म

कलाकार: **सैंड्रो बोटिचेली**

माध्यम: **कैनवास पर टेम्परा**

- यह चित्र प्राचीन यूनानी देवी वीनस को दर्शाता है, जो एक शंख पर जल से बाहर आती हुई दिखाई गई हैं।
- वह एक पूर्ण विकसित स्त्री के रूप में प्रकट होती हैं।
- ऋतुओं की एक देवी उन्हें फूलों से सजी हुई वस्त्र प्रदान करती है।
- दूसरी ओर हवा के देवता जैसे देवदूत उड़ते हुए दिखाई देते हैं।
- वीनस की गर्दन लंबी है और उसका बायाँ कंधा असामान्य ढंग से झुका हुआ है।
- उसकी भुजाएँ पतली और लंबी हैं।

5.2 मोनालिसा

कलाकार: **लियोनार्डो दा विंची**

माध्यम: **पॉपलर लकड़ी पर तेल रंग**

- यह प्रसिद्ध चित्र लियोनार्डो दा विंची द्वारा बनाया गया था।
- वे एक इतालवी चित्रकार थे, जिन्हें वैज्ञानिक और कलाकार दोनों रूपों में माना जाता है।

- यह चित्र 16वीं शताब्दी में पॉपलर लकड़ी पर तेल रंगों से बनाया गया।
- यह चित्र लूव्र संग्रहालय, पेरिस में रखा गया है।
- मोना लिसा के चेहरे पर एक रहस्यमयी मुस्कान है, जो दर्शक का स्वागत करती प्रतीत होती है।
- चित्र में चेहरे पर कोई बाल नहीं दिखाए गए हैं — यहाँ तक कि भौंहें और पलकों का भी अभाव है।
- चित्र के पीछे एक विस्तृत प्राकृतिक दृश्य है।

5.3 पिएता

कलाकार: **माइकल एंजेलो**

माध्यम: **संगमरमर की मूर्ति**

- पिएता मूर्ति एक ही संगमरमर की शिला से बनाई गई है।
- इसमें वर्जिन मैरी को मृत ईसा मसीह को अपनी गोद में पकड़े हुए दिखाया गया है।
- माँ बैठी हुई है और ईसा मसीह मृत अवस्था में उसकी गोद में विश्राम कर रहे हैं।
- यह मूर्ति माइकल एंजेलो द्वारा बनाई गई थी।
- मैडोना को ईसा से कम उम्र में दर्शाया गया है, जिससे उसकी पवित्रता का प्रतीक मिलता है।
- वस्त्रों की बहाव भरी आकृति और शरीर रचना की सटीकता इस मूर्ति की विशेषताएँ हैं।

5.4 द नाइट वॉच

कलाकार: **रेम्ब्रांट**

माध्यम: **कैनवास पर तेल रंग**

- रेम्ब्रांट ने यह चित्र **1640–1642** के बीच बनाया।
- इसमें एक युवा कप्तान को उसके सहायक और पीले वस्त्रों में एक छोटी लड़की के साथ दिखाया गया है।
- लड़की की कमर से एक सफेद मृत मुर्गा लटका हुआ है, जो पराजित शत्रु का प्रतीक है।
- पृष्ठभूमि में एक ड्रमर खड़ा है जो मार्च को ऊर्जा देता है।
- चित्र में प्रकाश और छाया का सुंदर प्रयोग किया गया है।
- कप्तान काले वस्त्रों में है और उसके शरीर पर लाल पट्टा है।
- यह एक पारंपरिक सैन्य चित्र है जिसमें भावनात्मक अभिव्यक्ति भी है।

लघु उत्तरीय प्रश्न:

· प्र.1: ‘द नाइट वॉच’ चित्रकला में कौन सा माध्यम प्रयोग हुआ है?

उत्तर: कैनवास पर तेल रंग।

- प्र.2: रेम्ब्रांट की चित्रकला की विशेषता क्या है?

  उत्तर: प्रकाश और छाया के रहस्यमय प्रयोग।
- प्र.3: 'द नाइट वॉच' चित्र की एक मुख्य विशेषता क्या है?

  उत्तर: यह रात्रि दृश्य नहीं बल्कि दिन का दृश्य है।
- प्र.4: यह चित्र क्या दर्शाता है?

  उत्तर: एक युवा कप्तान अपने सहायक को टुकड़ी को मार्च करने का आदेश देता है।
- प्र.5: 'द बर्थ ऑफ वीनस' चित्र के कलाकार का नाम क्या है?

  उत्तर: सैंड्रो बोटिचेली।
- प्र.6: इस चित्र में वीनस किसका प्रतीक है?

  उत्तर: सौंदर्य और सत्य का।
- प्र.7: वीनस की शारीरिक रचना की प्रकृति क्या है?

  उत्तर: वीनस को लंबी गर्दन के साथ दर्शाया गया है।
- प्र.8: 'मोना लिसा' चित्र का माध्यम क्या है?

  उत्तर: पॉपलर लकड़ी पर तेल रंगों से चित्रित।
- प्र.9: विंची ने किन-किन क्षेत्रों में योगदान दिया?

  उत्तर: चित्रकार और वैज्ञानिक।
- प्र.10: इस चित्र की पृष्ठभूमि क्या है?

  उत्तर: पर्वत, घाटी और नदी वाला प्राकृतिक दृश्य।
- प्र.11: 'पिएटा' मूर्ति का विषय क्या है?

  उत्तर: वर्जिन मैरी द्वारा मृत ईसा मसीह को गोद में पकड़े हुए।
- प्र.12: 'पिएटा' मूर्ति में कितनी आकृतियाँ हैं? उनके नाम बताइए।

  उत्तर: दो — मैरी और ईसा।
- प्र.13: 'पिएटा' मूर्ति की मूल संरचना क्या है?

  उत्तर: पिरामिडीय।
- प्र.14: माइकल एंजेलो की प्रसिद्ध कृतियाँ कौन-कौन सी हैं?

  उत्तर: डेविड, मोसेस, सिस्टीन चैपल की छत पर भित्तिचित्र।
- प्र.15: पुनर्जागरण का अर्थ क्या है?

  उत्तर: पुनर्जन्म।
- **प्र.16:** पुनर्जागरण काल को कितने भागों में बाँटा गया है?

  उत्तर: तीन भाग — प्रारंभिक पुनर्जागरण, उच्च पुनर्जागरण और अति पुनर्जागरण
- प्र.17: पुनर्जागरण काल की विशेषताएँ क्या हैं?

  उत्तर: कला की रचना और प्रकाश-छाया का नाटकीय मिश्रण।

- प्र.18: पुनर्जागरण काल के कलाकारों के नाम बताइए।

  उत्तर: बोटिचेली, लियोनार्डो दा विंची।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्र.1: पुनर्जागरण शब्द का क्या अर्थ है? इस काल की मुख्य विशेषताओं को समझाइए।

उत्तर:

- पुनर्जागरण एक शब्द है जिसका अर्थ है "पुनर्जन्म"।
- यह शब्द प्राचीन यूनानी और रोमन संस्कृति में रुचि के पुनरुत्थान से जुड़ा है।
- यह काल नए प्रयोगों, तर्कशक्ति, नियमों और खोजों के लिए जाना जाता है।
- इसलिए इसे "प्रबोधन युग" कहा गया।
- इस युग की कला में मानव शरीर रचना को बेहतर रूप में दर्शाने पर ज़ोर दिया गया।
- कला की रचना और प्रकाश-छाया का नाटकीय मिश्रण इस युग की विशेषताएँ हैं।

प्र.2: वीनस किसका प्रतीक है? चित्र ‘बर्थ ऑफ वीनस’ में वीनस को कैसे दर्शाया गया है?

उत्तर:

- वीनस सौंदर्य और सत्य की प्रतीक है।
- सैंड्रो बोटिचेली ने ‘बर्थ ऑफ वीनस’ चित्र बनाया।
- इस चित्र में प्राचीन यूनानी देवी वीनस को शंख पर जल से बाहर आते हुए दर्शाया गया है।
- वीनस को नग्न रूप में दर्शाया गया है।
- ऋतुओं की एक देवी उसे फूलों से सजे वस्त्र प्रदान करती है।
- दूसरी ओर हवा के देवता जैसे देवदूत उड़ते हुए दिखाई देते हैं।
- वीनस को केंद्र में एक विनम्र मुद्रा में खड़ा दिखाया गया है।
- उसकी गर्दन लंबी है और बायाँ कंधा असामान्य ढंग से झुका हुआ है। उसकी भुजाएँ पतली और लंबी हैं।

प्र.3: ‘मोना लिसा’ चित्र का वर्णन कीजिए।

उत्तर:

- ‘मोना लिसा’ चित्र प्रसिद्ध चित्रकार लियोनार्डो दा विंची द्वारा बनाया गया था।
- यह चित्र 16वीं शताब्दी में पॉपलर लकड़ी पर तेल रंगों से बनाया गया।
- यह चित्र पेरिस के लूव्र संग्रहालय में रखा गया है।
- मोना लिसा के चेहरे पर एक रहस्यमयी मुस्कान है जो दर्शक का स्वागत करती प्रतीत होती है।
- चित्र में चेहरे पर कोई बाल नहीं दिखाए गए हैं — यहाँ तक कि भौंहें और पलकों का भी अभाव है।

प्र.4: क्या आप माइकल एंजेलो को पुनर्जागरण का महान कलाकार मानते हैं? उत्तर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर:

- 'पिएता' एक मूर्ति है जिसे माइकल एंजेलो ने 1498–1499 ई. में बनाया था।
- यह एक ही संगमरमर की शिला से बनाई गई है।
- इस प्रसिद्ध कृति में वर्जिन मैरी को मृत ईसा मसीह को अपनी गोद में पकड़े हुए दर्शाया गया है।
- माँ बैठी हुई है और ईसा मसीह मृत अवस्था में उसकी गोद में विश्राम कर रहे हैं।
- इस मूर्ति की संरचना पिरामिडीय आकार की है।

प्र.5: 'नाइट वॉच' चित्र का वर्णन कीजिए।

उत्तर:

- यह चित्र रेम्ब्रांट की प्रसिद्ध कृतियों में से एक है, जिसमें एक युवा कप्तान अपने सहायक को नागरिकों की टुकड़ी को मार्च करने का आदेश देता है।
- चित्र में प्रकाश और छाया का प्रभावशाली प्रयोग किया गया है।
- कप्तान काले वस्त्रों में है और उसके शरीर पर लाल पट्टा है।
- सहायक और एक छोटी लड़की पीले वस्त्रों में दिखाई गई हैं।
- लड़की की कमर से एक सफेद मृत मुर्गा लटका हुआ है, जो पराजित शत्रु का प्रतीक है।
- पृष्ठभूमि में एक ड्रमर खड़ा है जो मार्च को ऊर्जा देता है।

प्र.6: रेम्ब्रांट पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

उत्तर:

- रेम्ब्रांट एक डच चित्रकार और यथार्थवादी कलाकार थे।
- उनकी चित्रकला प्रकाश और छाया के रहस्यों को उजागर करती है।
- प्रकाश और छाया चित्र की आत्मा को उजागर करते हैं।
- उन्होंने 'नाइट वॉच' चित्र 1640–1642 के बीच बनाया।

बहुविकल्पीय प्रश्न

प्र.1: 'बर्थ ऑफ वीनस' चित्र के कलाकार का नाम क्या है?

1. माइकल एंजेलो b) सैंड्रो बोटिचेली c) लियोनार्डो दा विंची d) राफेल

   उत्तर: b) सैंड्रो बोटिचेली

प्र.2: वीनस को किससे जन्म लेते हुए दर्शाया गया है?

1. शंख से b) वृक्ष से c) अंडे से d) गर्भ से

   उत्तर: a) शंख से

प्र.3: 'मोनालिसा' चित्र किसने बनाया?

1. सैंड्रो बोटिचेली b) माइकल एंजेलो c) लियोनार्डो दा विंची d) रेम्ब्रांट

   उत्तर: c) लियोनार्डो दा विंची

प्र.4: 'मोनालिसा' चित्र किस काल से संबंधित है?

1. पुनर्जागरण b) इम्प्रेशनिज़्म c) क्यूबिज़्म d) सुर्रियलिज़्म

उत्तर: a) पुनर्जागरण

रिक्त स्थान भरिए

1. पुनर्जागरण एक शब्द है जिसका अर्थ है ______________________।
   उत्तर: **पुनर्जन्म**
2. पुनर्जागरण काल को ____________________ में बाँटा गया है।
   उत्तर: **तीन भागों में**

सही मिलान चुनिए

क्रमांक	**कृति का नाम**	**कलाकार**
1)	पिएटा-	रेम्ब्रांट
2)	मोना लिसा-	लियोनार्डो दा विंची
3)	बर्थ ऑफ वीनस	- मोनेट
4)	द नाइट वॉच	- राफेल

सही उत्तर:

मोना लिसा → लियोनार्डो दा विंची

पाठ–6
प्रभाववाद

संक्षिप्त परिचय

- प्रभाववाद एक कला आंदोलन था जो रोज़मर्रा के जीवन की सरलता से प्रेरित था।
- इन कलाकारों ने वस्तुओं पर प्रकाश और चमक के प्रभाव को दर्शाया।
- प्रभाववादी विचारधारा के कलाकारों ने प्राकृतिक प्रकाश में चित्र बनाना शुरू किया ताकि वे जो देख रहे थे या महसूस कर रहे थे, उसे अभिव्यक्त कर सकें।
- उन्होंने खुले में रंग और प्रकाश के प्रभाव को पकड़ने की कोशिश की।
- उन्होंने नदियाँ, तालाब, बंदरगाह, नगर दृश्य और मानव आकृतियाँ जैसे विषयों को चित्रित किया।
- प्रमुख कलाकार थे: क्लॉड मोने, एडुआर्ड मोने, ऑगस्ट रेनॉयर, एडगर डेगा

उत्तर-प्रभाववाद – परिचय

- उत्तर प्रभाववादी चित्रकारों ने प्रभाववाद के बाद कार्य किया और आंतरिक भावनाओं को अधिक महत्व दिया।
- उन्होंने आंतरिक भावनाओं को व्यक्त करने के लिए ज्यामितीय और विकृत रूपों पर ज़ोर दिया।
- **जॉर्जेस सेरात** ने बिंदु चित्रण तकनीक विकसित की जिसमें रंग के छोटे-छोटे बिंदुओं का व्यवस्थित प्रयोग होता है।
- **पॉल सेज़ान** ने चित्रों में आयतन और संरचना को प्रस्तुत किया।
- **गॉगैं** और **विन्सेंट वैन गॉग** ने जीवंत और घूमते हुए ब्रश स्ट्रोक्स का प्रयोग किया।

प्रमुख कलाकृतियाँ

6.1 वॉटर लिलीज़

कलाकार: **क्लॉड मोने**

माध्यम: **तेल रंग**

- क्लॉड मोने का जन्म 14 नवंबर 1840 को पेरिस में हुआ था।
- उन्होंने 'वॉटर लिलीज़' नामक चित्रों की एक श्रृंखला बनाई।
- एक चित्र में तालाब के किनारे एक सुंदर जापानी पुल का दृश्य दर्शाया गया है।
- उन्होंने इसकी चमकदार छाया को कई जीवंत रंगों में स्वतंत्र रूप से चित्रित किया।
- विभिन्न आकारों की खिले हुए जलकुम्भी चित्र की सुंदरता को बढ़ाते हैं।

6.2 मोलिन डे ला गैलेत

कलाकार: **ऑगस्ट रेनॉयर**

माध्यम: **कैनवास पर तेल रंग**

- यह चित्र 1876 में बनाया गया था।
- इसमें युवा लोग जीवन का आनंद लेते हुए — पिकनिक, नृत्य और पार्टी करते हुए दिखाए गए हैं।
- रेनॉयर ने बैंगनी, सफेद और नीले रंगों की छायाओं का प्रयोग किया।
- वे फ्रांसीसी कलाकार और इंप्रेशनिस्ट चित्रकार थे।
- उन्होंने कोमल, भावुक और आकर्षक चित्र बनाए।
- उन्होंने गति और वातावरण को देखा और चित्रित किया।
- उनके चित्रों में संतुलन, सौहार्द और कोमलता होती है।

6.3 डांस क्लास

कलाकार: एडगर डेगा

